Roll No. ....

E–3193

B. A. (Part II) EXAMINATION, 2021

(New Course)

HINDI LITERATURE

Paper First

(अर्वाचीन हिन्दी काव्य)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 21

(क) विद्या मधुर सहकार करती सर्वथा कटु निम्ब को।

विद्या ग्रहण करती कलों से शब्द को प्रतिबिंब को।

विद्या जड़ों में भी सहज ही डालती चैतन्य है।

हीरा बनाती कोयले को धन्य! विद्या धन्य है।

अथवा

जनता पर जादू चला राजे के समाज का।

लोक-नारियों के लिए रानियाँ आदर्श हुईं।

P. T. O.

धर्म का बढ़ावा रहा धोखे से भरा हुआ।
लोहा बजा धर्म पर, सभ्यता के नाम पर।
खून की नदी बही।
आँख-कान मूँदकर जनता ने डुबकियाँ लीं।
आँख खुली—राजे ने अपनी रखवाली की।

(ख) मानव ! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति ?
आत्मा का अपमान, प्रेत औ छाया से रति।
प्रेम-अर्चना यही, करें हम मरण को वरण ?
युग-युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर ?
मानव के मोहांध हृदय में किए हुए घर।

अथवा

तुम्हीं जब याद की टीसें भुलाते हो
भला फिर प्यार का अभिमान क्यों जीवे ?
तुम्हीं बलिदान के मंदिर गिराते हो
भला मधुदान का मेहमान क्यों जीवे ?

(ग) तुम्हारा घर
वहीं है
जहाँ सड़क समाप्त होती है
पर मुझे जब
सड़क पर ही चलते ही जाना है
तब वह समाप्त कहाँ होती है ?
तुम्हारा घर।

अथवा

दिनभर काम करेंगे मालिक, संझा हुई कि थापें देंगे।

साँसें दे-देकर बाजार से, बाजी पर अलगोजा लेंगे।

ममता के मेहमान बताओ, कैसे तीरंदाज हो गए।

मेरे मालिक, मेरे अलगोजे से क्यों नाराज हो गए।

2. राष्ट्रीय चेतना के प्रभावी कवि मैथिलीशरण गुप्त क्यों माने जाते हैं ? इस पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की काव्यगत विशेषताओं को उदाहरण देकर समझाइए।

3. सुमित्रानंदन पंत की कविता में शब्द-शिल्प किस प्रकार अभिव्यक्त होते हैं ? इस पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

अज्ञेय प्रयोगवाद और नई कविता के शलाका पुरुष क्यों कहे जाते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

माखनलाल चतुर्वेदी की काव्यगत विशेषताओं पर एक निबन्ध लिखिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच पर टिप्पणियाँ कीजिए : 15

(i) प्रियप्रवास और अयोध्यासिंह 'हरिऔध'

(ii) सुभद्राकुमारी चौहान की काव्यभाषा

(iii) श्रीकांत वर्मा का जीवनवृत्त

(iv) प्रगतिवाद की विशेषताएँ

(v) मैथिलीशरण गुप्त का 'भारत-भारती' कविता में प्रमुख संदेश

(vi) विद्रोही कवि निराला

(vii) प्रयोगवाद और अज्ञेय

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई पन्द्रह) : प्रत्येक 1

(i) हरिऔधजी का पूरा नाम लिखिए।

(ii) 'तुलसीदास' किसकी कविता है ?

(iii) 'कामायनी' के लेखक कौन हैं ?

(iv) राष्ट्रीय काव्यधारा के तीन कवियों के नाम लिखिए।

(v) प्रगतिवाद के तीन कवियों के नाम लिखिए।

(vi) 'लोकायतन' महाकाव्य के रचनाकार कौन हैं ?

(vii) 'कितनी नावों में कितनी बार' किसकी रचना है ?

(viii) 'प्रतीक' पत्रिका के संपादक का नाम लिखिए।

(ix) 'मायादर्पण' कविता संग्रह के कवि का नाम लिखिए।

(x) 'मुकुट' कविता का प्रकाशन कब हुआ था ?

(xi) 'निराला' का जन्म कब हुआ था ?

(xii) सुमित्रानंदन पंत को ज्ञानपीठ पुरस्कार कब मिला था ?

(xiii) 'पुष्प की अभिलाषा' कविता कहाँ लिखी गई थी ?

(xiv) 'जलियाँवाला बाग में बसंत' किसकी रचना है ?

(xv) छायावाद को 'स्थूलता के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' किसने कहा था ?

(xvi) 'भग्नदूत' किसकी रचना है ?

(xvii) श्रीकांत वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था ?